जबरन कब्जा करने वाली माफिया प्रवृत्ति की पार्टी है सपा- सीएम योगी

गोड़धोइया नाला परियोजना के पहले चरण का लोकार्पण और दूसरे चरण का शिलान्यास किया मुख्यमंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर को नगरीय जीवन सुगमता के लिए 880 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए 2017 से पहले की सपा पर विकास बाधित करने और माफिया संस्कृति को प्रश्रय देने के लिए निशाना साधा। उन्होंने हमलावर शब्दों में कहा कि समाजवादी पार्टी माफिया प्रवृत्ति की पार्टी है। जैसे कुत्ते की पूंछ सीधी नहीं हो सकती, वैसे ही समाजवादी पार्टी के लोग कभी सीधे नहीं हो सकते हैं। जब भी मौका मिला, जमीन पर जबरन कब्जा करना इन लोगों की प्रवृत्ति है। सीएम योगी रविवार शाम 495.24 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण गोड़धोइया नाला परियोजना के पहले चरण का लोकार्पण और 92.72 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना के दूसरे चरण का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस



अवसर पर उन्होंने 721.40 करोड़ रुपये की लागत वाली गोरखपुर सीवरेज योजना जोन ए-3 और गोड़धोइया नाला के किनारे 65.93 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का भी शिलान्यास किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने सपा शासन की कुछ घटनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि जेल रोड पर गोरखपुर के एक प्रतिष्ठित परिवार की दो हवेलियां हुआ करती थीं। सपा सरकार के समय उस पर एक बार जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया। उस समय विरोध किया गया और उस रईस परिवार ने सपा के माफिया से जमीन बचाने के लिए अपनी दोनों हवेलियों को रात्रि भर में गिरा दिया। मुख्यमंत्री ने एक अन्य घटना सुनाते हुए कहा, 'इसी तरह आर्यनगर में भी एक माफिया ने एक प्रतिष्ठित परिवार की हवेली को कब्जा करने का प्रयास किया तो बतौर सांसद मैं स्वयं मौके पर गया था। मैंने पब्लिक से वहां पर कहा था इन गुंडों को पकड़-पकड़ के मारो।'सीएम योगी ने 2017 के बाद कानून व्यवस्था में आए अभूतपूर्व बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि आज कोई किसी गरीब, व्यापारी या सम्मानित नागरिक की प्रॉपर्टी पर कब्जा करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। ऐसा करने से पहले वह दस बार सोचेगा। कब्जा करने का मतलब उसको मालूम है कि अगले ही पल उसका क्या हिसाब होने वाला है। जबकि 2017 के पहले यह स्थिति नहीं थी। असुरक्षा का वातावरण था, बेटी स्कूल नहीं जा पाती थी, व्यापारी सुरक्षित माहौल में व्यापार करने की स्थिति में नहीं था। कहीं भी सुरक्षा की स्थिति नहीं थी और जब सुरक्षा नहीं थी तो कोई निवेश भी नहीं करता था। जबकि आज गोरखपुर में किसी गरीब की, किसी व्यापारी की, किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति की जमीन या मकान पर कोई कब्जा करने का दुस्साहस नहीं कर सकता है। कोई किसी युवा के जीवन के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता है।

सभी मंडलों में लगेंगे दीपावली मेले

लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने प्रदेश के सभी मंडलों में दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए दीपावली मेले आयोजित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजन के हुनर को पहचान दिलाने के साथ उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने कौशल के माध्यम से रोजगार और आय के नए अवसर हासिल कर सकें।प्रदेश के प्रत्येक मंडल स्तर पर दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित सामग्रियों के प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए दीपावली मेले आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत लखनऊ मंडल को छोड़कर प्रदेश के अन्य प्रत्येक मंडल में मेले के आयोजन के लिए तीन लाख रुपये की धनराशि निर्धारित की गई है। जबकि लखनऊ मंडल में आयोजन के लिए सात लाख रुपये का बजट तय किया गया है।विभाग की ओर से प्रदेश के सभी उपनिदेशकों और जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों एवं मंडलों में मेले के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही शेष मंडलों और जनपदों से आयोजन संबंधी प्रस्ताव जल्द उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देश जारी किए गए हैं।

जनता दर्शन में आई महिला को सीएम योगी ने पति के इलाज का दिया भरोसा

गोरखपुर। शनिवार शाम गोरखपुर



आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान एक महिला ने मस्तिष्क आघात से पीड़ित पति के ऑपरेशन में मदद का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने महिला से उसके पति के अब तक हुए उपचार की जानकारी ली और पूरे सहयोग का भरोसा देते हुए कहा- 'घबराइए मत, आपके पति के उपचार में कोई दिक्कत नहीं आने देंगे। इसके लिए विवेकाधीन कोष से भी आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाएगी।'मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आई एक अन्य बीमार महिला को समुचित इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। रविवार को जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 150 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक जाकर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए जरूरी दिशानिर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषप्रद होना चाहिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। मिलने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर सीएम ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब दुलारा और चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया।

2017 से पहले तुष्टीकरण का तेजाबी दंश सहने को विवश थी अयोध्या- मुख्यमंत्री

लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को %एक्स% पर पोस्ट कर प्रदेशवासियों को अयोध्या की प्राचीन व नवीन तस्वीर से अवगत कराया। उन्होंने अयोध्या को लेकर पूर्ववर्ती सरकार को आईना दिखाया तो अपनी सरकार में किए गए कार्यों का उल्लेख भी किया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि अयोध्या सभ्यता की जन्मभूमि, संस्कृति की प्राणधारा और आस्था की शाश्वत ज्योति है, किंतु वर्ष 2017 से पहले यह दिव्य नगरी उपेक्षा, अव्यवस्था और तुष्टीकरण का तेजाबी दंश सहने के लिए विवश थी। श्रद्धालुओं की यात्रा कठिन, नगर की व्यवस्थाएं जर्जर और स्थानीय परिवारों की संभावनाएं सीमित थीं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अयोध्या जी की प्राचीन गरिमा को आधुनिक विकास का नया विस्तार मिला है। भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से लेकर रामपथ, धर्मपथ, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आधुनिक रेलवे स्टेशन तक, हर निर्माण श्रद्धालुओं की सुविधा एवं राम नगरी के गौरव से जुड़ा है।

दीपोत्सव का दशक: एक लाख दीपों से जगमगाएगा श्रीराम जन्मभूमि परिसर

अयोध्या, मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के नेतृत्व में रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव के एक दशक का सफर इस वर्ष भव्यता और दिव्यता के नए अध्याय के साथ आगे बढ़ने जा रहा है। योगी सरकार के संकल्प के अनुरूप अयोध्या की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाई देने वाले इस आयोजन में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र परिसर एक लाख दीपों की रोशनी से जगमगाएगा। दीप प्रज्ज्वलन के लिए मंदिर परिसर में लगभग एक हजार कार्यकर्ता सेवा देंगे। इसके लिए पूरे परिसर को पांच जोन में बांटकर प्रत्येक जोन के प्रभारी और उनकी टीम की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। आगामी पांच दिनों में इस कार्ययोजना को धरातल पर उतारने की तैयारियां पूरी की जाएंगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार, यात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) के सभागार में शनिवार को हुई बैठक में दीपोत्सव की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं का दायित्व संभाल रहे प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र (सेवानिवृत्त), सचिव जगदीश आफले और जगन्नाथ गुलवे ने पूरी कार्ययोजना विस्तार से समझाई।श्रीरामलला विराजमान मंदिर का विशेष अलंकरण किया गया है। अब अगले पांच दिनों में परिसर के अन्य हिस्सों के अलंकरण और दीप प्रज्ज्वलन की तैयारियों को भी आगे बढ़ाया जाएगा।

तैयारियों का जायजा लेने आ रहे मुख्यमंत्री योगी

अयोध्या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अयोध्या का दौरा करेंगे। वह दीपोत्सव-2026 की तैयारियों का ग्राउंड जीरो पर जायजा लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में दर्शन करेंगे। साथ ही साकेत महाविद्यालय, राम की पैड़ी, राम कथा पार्क और सरयू आरती स्थल का निरीक्षण भी करेंगे। इसके अलावा वह अधिकारियों के साथ दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा करेंगे। दीपोत्सव के मुख्य अतिथियों और वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ बैठक भी प्रस्तावित है। सीएम योगी के दोपहर 12 बजे तक पहुंचने का अनुमान है। सीएम के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कार्यक्रम स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया है।

पीईटी-2026 परीक्षा- 60 जनपदों के 1,372 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और नकलविहीन बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का असर प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के सफल आयोजन में भी दिखाई दिया। प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति, तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था और प्रशासनिक सतर्कता के बीच उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने पीईटी-2026 की लिखित परीक्षा तीन दिनों तक शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराई।25 और 30 अक्टूबर तथा 1 नवंबर 2026 को प्रदेश के 60 जनपदों के 1,372 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के लिए कुल 35,41,297 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 24,36,253 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस प्रकार कुल 68.79 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए इस बार अत्याधुनिक तकनीक का व्यापक इस्तेमाल किया गया। अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए फेसियल रिकॉग्निशन-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), आधार आधारित प्रमाणीकरण और बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था लागू की गई।

प्रयागराज की सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय प्रतिभाएं प्रदेश के फिल्म उद्योग को देंगी नई पहचान- केशव

प्रयागराज, । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने



रविवार को प्रयागराज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रयागराज फिल्म महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आयोजकों एवं फिल्म जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महोत्सव में पावन गंगा आरती की भव्य एवं आध्यात्मिक प्रस्तुति ने प्रयागराज की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने फिल्म 'कुंभ का संगम' के आधिकारिक ट्रेलर का अनावरण किया। कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन भी किया गया। आयोजकों ने श्री मौर्य को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज की धरती साहित्य, संस्कृति, संस्कार, आध्यात्मिक चेतना और सृजनशीलता की समृद्ध परंपरा की संवाहक रही है। इस शहर का हिंदी साहित्य और भारतीय फिल्म जगत में विशिष्ट योगदान रहा है। गीतकार प्रदीप, अमृतलाल नागर सहित अनेक साहित्यकारों और रचनाकारों की सृजनात्मक विरासत प्रयागराज की सांस्कृतिक पहचान को विशिष्ट बनाती है सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने देश, विदेश में ख्याति प्राप्त की है वह प्रयागराज की पवन धरा की वासी हैं। आवश्यकता है कि नई पीढ़ी इन महान साहित्यकारों, कलाकारों और रचनाकारों के योगदान से परिचित हो तथा उनकी विरासत को आगे बढ़ाए।

मिर्जापुर में तैयार हुआ प्रदेश का पहला विकसित ग्राम पंचायत प्लान

लखनऊ, विकसित भारत 2047 के संकल्प को ग्रामीण धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से योगी सरकार ने पंचायती विकास नियोजन को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की है। इसी क्रम में मिर्जापुर जनपद के छानबे विकासखंड स्थित बघेड़ा खुर्द ग्राम पंचायत में प्रदेश का पहला पायलट 'विकसित ग्राम पंचायत प्लान' (वीजीपीपी) तैयार किया गया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स की देखरेख और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (टीआरआई) के तकनीकी सहयोग से तैयार यह मॉडल प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में साक्ष्य, आवश्यकता और सैचुरेशन आधारित विकास का नया खाका प्रस्तुत करेगा।

घर घर दस्तक देगी भारतीय जनता पार्टी

महिला-युवा मोर्चे को बड़ी जिम्मेदारी, रात्रि प्रवास और संवाद से तैयार हो रहा चुनावी चक्रव्यूह

लखनऊ,। यूपी असेम्बली इलेक्शन में चुनौतियों को देखते हुए बीजेपी ने संगठनात्मक और मैदानी तैयारियों को तेज कर दिया है। संगठन को बूथ स्तर तक अभेद्य बनाने और जनता के साथ सीधा संवाद करने के लिए यूपी भाजपा ने एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की है।पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के मुताबिक विधानसभा स्तर पर प्रवासी प्रभारियों की नियुक्ति का काम तुरंत पूरा किया जाएगा।इस बार महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को विधानसभा स्तर पर प्रवासी के रूप में मैदान में उतारा जाएगा।पार्टी की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि जिला प्रभारी जल्द से जल्द विधानसभा स्तर पर और विधानसभा प्रभारी शक्ति केंद्रों पर अपना प्रवास सुनिश्चित करें। विधानसभा प्रभारी और विस्तारक मंडल स्तर पर सक्रिय सदस्यों की बैठकें तुरंत शुरू करेंगे, ताकि संगठन की गतिशीलता बनी रहे। बीजेपी का सबसे बड़ा जोर जनसंपर्क पर है।पार्टी के श्घर-घर संपर्क अभियानश् के तहत हर 50 परिवारों पर एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।डोर-टू-डोर जनसंपर्क को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला स्तर पर समन्वय टोली का गठन किया जाएगा। चुनावी रणनीति को धार देने के लिए क्षेत्रीय और जिलाध्यक्षों को मोर्चों की गतिविधियों को प्रभावी बनाने और अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक रात्रि-प्रवास करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। दीपावली का त्योहार बीतते ही पार्टी पूरे प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण के काम में पूरी ताकत से जुटेगी। खास तौर से युवाओं को जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरवाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा. पार्टी ने पुराने और वरिष्ठ नेताओं को साधने की भी पूरी तैयारी की है।पूर्व ब्लॉक प्रमुखों, बीडीसी सदस्यों, जिला पंचायत अध्यक्षों, जिला पंचायत सदस्यों और पूर्व पार्षदों सहित पूर्व जनप्रतिनिधियों को संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा जिलाध्यक्षों को जल्द लिस्ट तैयार करने को कहा गया है। जल्द ही सक्रिय सदस्यों की बैठके शुरू करके चुनावी जिम्मेदारियों से जोड़ने का काम करना है। युवा, महिला, बुद्धजीवी, श्रमिक, व्यापारी वर्ग, रेहड़ी पटरी विक्रेता, चाय, पान, किराना, सब्जी जैसे विक्रेताओं समेत सूक्ष्म कारोबारियों से सम्पर्क एवं संवाद स्थापित करने के लिए समाज के हर वर्ग को सूचीबद्ध करने का काम तेजी से चल रहा है। भाजपा जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ को और मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।बीजेपी मिशन फ्तह 2027 खातिर पुख्ता तैयारी चाहती है, कोई कोर कसर बाकी नही रखने के मूड में है।वर्तमान सियासी हालात को देखते कोई रिस्क लेने वाली नही है।

एसटीएफ करेगी बेसिक शिक्षकों के अभिलेखों की जांच

लखनऊ ।बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के अभिलेखों की जांच के लिए एसटीएफ को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं । अनिल भूषण चतुर्वेदी शिक्षा निदेशक बेसिक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को एसटीएफ के सहयोग से समस्त बेसिक शिक्षकों तथा कर्मचारियों के शैक्षिक अभिलेख की जांच के लिए कहा गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय में प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में भारी पैमाने पर फर्जी डिग्रीधारी शिक्षक कार्यरत होने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत प्राप्त होने के बाद न्यायालय द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग को कक्षा एक से आठ तक के शिक्षकों के नियुक्ति पत्र ,शैक्षिक दस्तावेजों के जांच के लिए निर्देशित किया गया है। अनिल भूषण चतुर्वेदी शिक्षा निदेशक बेसिक के निर्देश के तहत शिक्षकों के हाई स्कूल, इंटर एवं स्नातक बीएड आदि योग्यताओं के संबंध में अभिलेखों के परीक्षण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। शिक्षक अपने अभिलेख के सत्यापन एवं विभाग में उच्च पद पर कार्यरत निकट संबंधियों के संबंध मे शपथ पत्र देगे।एसटीएफ शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेख सत्यापन के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करेगी।

सीएम योगी गोंडा में 520 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार (02 नवंबर) को गोंडा जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान सीएम योगी मनकापुर और गौरा विधानसभा क्षेत्रों के लिए 520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कुल 69 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड छपिया की ग्राम पंचायत तेजपुर में होगा। इस अवसर पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और चेक भी वितरित किए जाएंगे।गोंडा की मनकापुर विधानसभा क्षेत्र में 94 करोड़ रुपये की लागत से 9 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 160 करोड़ रुपये से अधिक की 20 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज मेरठ में, चार मंडलों के अफसरों के साथ करेंगे बैठक

डीएम से लेकर डीआईजी तक रहेंगे मौजूद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चुनावी तैयारियों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 2 नवंबर को मेरठ आयेंगे। वह चार मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और अलीगढ़ मंडलों के अधिकारी शामिल होंगे। इसमें संबंधित जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तानों के अलावा मंडलायुक्त, एडीजी और डीआईजी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मेरठ में चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसमें मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और अलीगढ़ मंडलों के अंतर्गत आने वाले जिलों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया है। बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान शामिल होंगे। मंडलायुक्त, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस उपमहानिरीक्षक समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी भी रहेगी।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इससे पहले 25 सितंबर को मेरठ दौरा प्रस्तावित था, लेकिन किसी कारणवश उनका यह दौरा स्थगित हो गया था। अब वह 2 नवंबर को मेरठ पहुंचेंगे। इस दौरान चार मंडलों के अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे।उनके दौरे को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।

वोट चोरी और मतदाता सूची में धांधली की मुख्य कड़ी मुख्य चुनाव आयुक्त

लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहा इंडिया गठबंधन-अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि वोट चोरी के खिलाफ पूरा इंडिया गठबंधन एकजुट है। भाजपा वोट चोरी और वोटरलिस्ट में धांधली करके लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। भाजपा चुनाव नहीं जीत सकती तो चुनाव आयोग से मिलकर धांधली कर रही है। लगातार साजिश और षडयंत्र कर रही है। रविवार को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की 'वोट-बचाओं, देश-बचाओं' विशाल महारैली को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। इंडिया गठबंधन लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। इंडिया गठबंधन को पूरे देश से जिस तरह भारी समर्थन मिल रहा है उससे भाजपा का पूरे देश से हटना तय है। श्री यादव ने कहा कि वोट चोरी और मतदाता सूची में धांधली की मुख्य कड़ी मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। उसमें देश की एक कम्पनी साथ दे रही है। इन साजिशों का अंत होगा। उन्होंने कहा कि जो विश्व गुरू बनने की बात करते थे। वे वोट चोरी कर रहे हैं। जो लोग इसे दिखाते हैं और आवाज उठाते हैं भाजपा सरकार उनके खिलाफ साजिश और षडयंत्र करती है। देश के युवा और नौजवान जब भाजपा की साजिशों के खिलाफ दिल्ली में आये तो उन पर इस सरकार ने अत्याचार किया और लाठियों



से मरवाया। देश का नौजवान उस पर पड़ी लाठियों को कभी नहीं भूल सकता। भाजपा का जाना तय है। अब भाजपा के लोग नहीं बचने वाले हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने का पाप कर रही है। भाजपाईयों को याद रहे, जो पापी होता है, उसका नाश होता है। भाजपा की सरकार में अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर में चंदा चोरी हुआ। चढ़ावा चोरी हुआ। राम धन की लूट हुई। इन चढ़ावा चोरी और चंदा चोरी करने वालों का नाश ही नहीं सर्वनाश होने जा रहा है। वोट चोरी और वोटरलिस्ट में हेराफेरी की बात तो अब भाजपा के लोग खुद ही स्वीकार कर रहे हैं। यूपी के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में हिन्दुओं के 1 करोड़ 27 लाख वोट कट गए। जबसे उन्हें पता चला है कि इतनी बड़ी संख्या में वोट कट गये हैं वे दिल्ली वालों पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। यूपी के मुख्यमंत्री जानते हैं कि वे हारने जा रहे हैं। एक करोड़ 27 लाख वोट कटने का मतलब है कि 403 विधानसभाओं में हर विधानसभा क्षेत्र में 31 हजार वोट कम हो गये हैं। उत्तर प्रदेश में हुए विधान परिषद चुनाव में वाराणसी में डबल इंजन सरकार की डबल हार हुई है। जो भाजपा को अंगद का पांव बता रहे हैं उन्हें भी पता है कि यूपी में भाजपा की जमीन ही नहीं बची है। इस बार काशी में भाजपा की डबल हार हुई है। वह प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र है। वाराणसी की जनता ने भाजपा को डबल जीरो दिया है। वाराणसी में भाजपा एक बार हार से संतुष्ट नहीं हुई तो रिकाउंटिंग कराकर फिर हारी। भाजपा वाराणसी में भी चंडीगढ़ की चाल चलना चाहती थी। लेकिन कामयाब नहीं हुई। आखिरकार उसे डबल जीरो मिला। देश जानता है कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल में चुनाव को लूटा है। बंगाल विधानसभा की तस्वीरें कोई नहीं भूल सकता है। चुनाव से पहले एसआईआर कराकर लाखों मतदाताओं का वोट कटवाया और फिर लाखों की संख्या में फोर्स लगाकर वोटरों को डराया-धमकाया और चुनाव की लूट की। उन्होंने कहा कि हम इंडिया गठबंधन के लोग हार नहीं मानेंगे। भाजपा की हर साजिश और षडयंत्र के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और उसे परास्त करेंगे। समाजवादी पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की वोट चोरी पकड़ी थी। उस समय वोट चोरी और धांधली के कारण समाजवादी पार्टी सरकार नहीं बना पायी थी। वोटरलिस्ट से समाजवादी पार्टी समर्थकों के बड़ी संख्या में वोट हटा दिये गये थे। जब समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की, तो आयोग ने हमें नोटिस भेज दिया था समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पीडीए प्रहरियों ने बूथ-बूथ पर जाकर हजारों की संख्या में उन मतदाताओं को चिह्नित किया जिन्होंने 2019 के लोक सभा में चुनाव में मतदान किया था। लेकिन 2022 के चुनाव में जानबूझ कर उनका वोट काट दिया गया था। वे वोट नहीं डाल पाये थे। समाजवादी पार्टी न हजारों की संख्या में ऐसे मतदाताओं का एफीडेविट देकर चुनाव आयोग में शिकायत की। लेकिन आयोग ने दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की।

नाइंसाफी की सारी सीमाएं लांघ गई हैं बीजेपी सरकार-अखिलेश

लखनऊ/नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नाइंसाफी की सारी सीमाएं लांघ गई हैं। भाजपा के अन्याय, अत्याचार और बेईमानी के खिलाफ जनता खड़ी हो रही है। रविवार को नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि वाराणसी में विधान परिषद के चुनाव में भाजपा की डबल हार हुई है। डबल इंजन की बात करने वाले वाराणसी में डबल जीरो हो गए। भाजपा ने एक बार की हार को नहीं स्वीकार किया, धांधली करने के लिए चुनाव आयोग से मिलकर दोबारा मतगणना कराया, उसमें भी भाजपा की हार हुई। भाजपा चुनाव आयोग से मिलकर मतदाता सूची में धांधली कर रही है, देश की जनता के साथ धोखा कर रही है। उत्तर प्रदेश में विधान परिषद का चुनाव हारने के बाद अब यूपी के मुख्यमंत्री भी स्वीकार कर रहे हैं, कि एसआईआर में वोट कट गए हैं । वह कह रहे हैं कि हिंदुओं के एक करोड़ 27 लाख वोट कम हो गए। मुख्यमंत्री जी को यह आंकड़ा कहां से मिला। यही नहीं यूपी के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि लाभार्थी लोगों के वोट कम हो गए। जिनके वोट कटे हैं, उनसे म अपील है, लोकतंत्र और संविधान बचाने के आंदोलन में शामिल हो, आंदोलन मु.चु.आ. मुख्य चुनाव आयुक्त और जुमलो के खिलाफ है।

ऊर्जा मंत्री ने मऊ को दी 531.5 लाख रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा



मंत्री एके शर्मा ने मऊ में 531.5 लाख रुपए की लागत से तीन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर मऊवासियों को सौगात दी। इनमें मड़ैया घाट एवं विसर्जन घाट का नवनिर्माण तथा रामलीला मैदान में इंटरलॉकिंग एवं सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में मऊ में कराए गए विकास कार्यों का विस्तृत लेखा-जोखा भी जनता के समक्ष प्रस्तुत किया तथा विकास पुस्तिका का विमोचन किया। श्री शर्मा ने मऊवासियों को तीनों विकास परियोजनाओं के लोकार्पण की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन मऊ और उनके लिए अत्यंत खुशी एवं सौभाग्य का दिन है। भगवान महादेव की कृपा और मऊ की जनता के स्नेह एवं आशीर्वाद से पिछले पांच वर्षों में क्षेत्र में अनेक विकास कार्य कराए गए हैं। श्री शर्मा ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों का विवरण एक पुस्तिका के माध्यम से जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। श्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने लगभग 50 देशों की यात्रा की है और वहां के पर्यटन स्थलों को भी देखा है। उन्हें गर्व है कि मऊ महादेव घाट आज एक विशिष्ट और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हुआ है। लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से इस घाट का निर्माण जनसहयोग एवं सीएसआर के माध्यम से कराया गया है। इस घाट पर किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिखवाया गया, क्योंकि यह किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे मऊवासियों का घाट है। शर्मा ने कल देर रात मऊ में कुल 531.5 लाख रुपए की लागत से कराए गए तीन विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 260.27 लाख रुपए की लागत से मड़ैया घाट का नवनिर्माण, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना अंतर्गत 247.42 लाख रुपये से विसर्जन घाट का नवनिर्माण तथा 23.81 लाख रुपए की लागत से रामलीला मैदान में इंटरलॉकिंग एवं सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं। परियोजनाओं से मऊ की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिलने के साथ ही स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।